**Title: Re: Compensation to farmers for loss of crops due to untimely rain and hailstorm.**

**श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा):** मैं सरकार का ध्यान एक अत्यन्त ही महत्वपूर्ण लोक महत्व के विषय पर आकृष्ट कराना चाहता हूँ । बेमौसम बारिश के कारण रबी की फसलों को काफी नुकसान हो रहा है । बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से बिहार समेत उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब में लगभग तैयार हो रही फसलें बर्वाद और नष्ट हो रही हैं । जहाँ अभी अगता खेती हुई है वहाँ तो करीब 50 प्रतिशत तक फसलों का नुकसान हुआ है । किसानों में हाहाकार मचा हुआ है । कई किसान तो आत्म हत्या पर विवश हो गये हैं । खेतों को देखने के बाद किसान आहत नजर आ रहे हैं ।

यह आपदा केवल किसानों के लिए बर्वादी लेकर नहीं आया है, बल्कि देश के लिए भी चिन्ता का विषय है । वैसे ही पिछले वर्ष करीब 13 लाख मीट्रिक टन गेहूँ का उत्पादन कम हुआ है । इस वर्ष अच्छी फसल की उम्मीद थी, परन्तु उस पर भी ग्रहण लग गया है । अब गेहूँ की कमी देश में अनाज के भण्डार को कम कर देगा । मँहगाई और बढ़ेगी और आम जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा । यह आपदा चारा की कमी भी पैदा करेगा ।

अतः मैं सरकार से माँग करता हूँ कि सभी आपदा प्रभावित राज्यों से नुकसान का ब्यौरा मँगवाकर किसानों की समुचित क्षतिपूर्ति की जाये । यह मामला बहुत ही गम्भीर है । इसलिए सरकार सहानुभूतिपूर्वक किसानों को मदद करने का कार्य करे ।